# GENIUS HIGH SCHOOL- BHONGIR

## SUMMATIVE ASSESSMENT-I

CLASS: X — SUB: HINDI — Marks: 80

I. नीचे दिए गए अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5m

पुस्तकों का महत्व रत्नों से भी अधिक है। श्रेष्ठ पुस्तकें मनुष्य तथा समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। महात्मा गाँधी गीता से, टॉलस्टाय तथा अमेरिका के संत थोरो के साहित्य से प्रभावित थे। गुप्तकाल भारत का स्वर्णिम युग कहा जाता है क्योंकि उस काल में अधिक से अधिक पुस्तकों की रचना हुई। कालिदास इस युग के महान् साहित्यकार थे।

1. पुस्तकों का महत्व किससे भी अधिक है?
2. पुस्तकें किसका मार्गदर्शन करती है?
3. गुप्तकाल को भारत का कौनसा युग कहा जाता है?
4. गाँधी और टॉलस्टाय किनके साहित्य से प्रभावित थे?
5. गुप्तकाल युग के महान् साहित्यकार कौन थे?

II. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5m

दो टूक कलेजे के करता, पछताता पथ पर आता
पेट-पीठ दोनों मिलकर है एक
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी भर दाने को भूख मिटाने को
मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता।
दो टूक कलेजे के करता, पछताता पथ पर आता।
साथ दो बच्चे भी है, सदा हाथ फैलाये
बायें से वे मलते हुए पेट को चलते,
और दाहिनी दया-दृष्टि पाने की ओर बढ़ाये।
भूख से सूख ओंठ जब जाते,
दाता-भाग्य-विधाता से क्या पाते?
घूँट आसुओं के पीकर रह जाते।

1. यह कविता किस प्रकार के व्यक्ति के संबंध में है?
2. उसके पेट-पीठ दोनों क्यों मिल गये है?
3. उसके साथ और कौन है?
4. वे दाहिने हाथ से क्या करते है?
5. भूख से ओंठ सूखने पर वे क्या करते है?

III निम्न लिखित शब्दों मे दस (10) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 30m

1. छोटे भाई ने अपनी पढ़ाई का टाइम-टेबिल बनाते समय क्या-क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया?
2. बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?
3. ततँारा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?
4. ततँारा वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?
5. वजीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी?
6. सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या मकसद था?
7. सवार के जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया?
8. मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?
9. ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नही देख पाते?
10. पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीडा हरने की विनती किस प्रकार की है?
11. मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप-सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है?
12. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है?
13. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

IV सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. 'शब्द' किसे कहते है उदाहरण सहित बताइए? 6m
2. 'पद' किसे कहते है उदाहरण सहित बताइए?
3. 'वाक्य' किसे कहते है इसके कितने अंग है बताइए?
4. निम्न शब्दों के समास विग्रह करके समास का नाम बताइए 4m
   1. नीलकंठ
   2. दशानन
   3. दोपहर
   4. सुख-दुख
5. अशुद्धियों को शुद्ध करके वाक्य लिखो। 4m
   1. जितनी करनी वैसी भरनी।
   2. मैने आज जाना है।
   3. वह गुस्सा से रो रहा है।
   4. शरीर पर कई अंग होते है।

6. वाक्य रूपांतर कीजिए 3m

1. सच बोलने वाला कभी नहीं डरता। (मिश्रित वाक्य में बदलो)
2. स्टेशन पहुँच कर आप हमारी प्रतीक्षा करे। (संयुक्त वाक्य में बदलो)
3. चंद्रगुप्त को मगध का सम्राट बनाया चाणक्य। (सरल वाक्य में बदलो)

7. निम्न लिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग कीजिए। 3m

1. सर पर नंगी तलवार लटकना -
2. अंधे के हाथ बटेर लगना -

V सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पिकनिक पर जाने के लिए एक हजार (1000) रूपयों की माँग करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखो। 5m
2. आजकल बढ़ती हुई महंगाई के बारे में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। 5m
3. पुस्तकों की दुकान खोलने के लिए एक विज्ञापन लिखिए। 5m
4. आपके विद्यालय में आँखों के डॉक्टरों द्वारा कैंप लगाया गया है आप स्कूल के हेडबॉय है। सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सूचना लिखिए। 5m